NITI Aayog

# स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन

द्वारा संचालित

## आनंदी मां- एक जीवन बचाओ अभियान

## (कैंसर मुक्त भारत यात्रा) 2026-27



संरक्षक एवं प्रेरणा स्रोत
महामहिम आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल उत्तर प्रदेश

## (HPV) जागरूकता सेमिनार

# प्रदेश व्यापी अभियान



सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा



जागरूकता ही बचाव है



एचपीवी वैक्सीन जीवन रक्षक है

**HPV वैक्सीन**

बनाए सुरक्षित भविष्य

9 से 26 वर्ष की आयु की किशोरियों एवं युवतिया जरूर लगवाएँ HPV वैक्सीन

thewwf.org/swfindia.org

streewelfarefoundation@gmail.com

7318501516/9076851516

अभियान से जुड़ने के लिए स्कैन करें।

कैंसर मुक्त भारत हमारा लक्ष्य

## (HPV) जागरूकता सेमिनार

HPV वैक्सीन जागरूकता एवं रजिस्ट्रेशन अभियान

30 जुलाई, 2026(गुरुवार) प्रातः 11:30 से दोपहर: 12:00 बजे तक

ऑडिटोरियम, एपेक्स ट्रस्ट इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल

नेशनल हाईवे, समसपुर, चुनार, मिर्ज़ापुर

### आयोजक

एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल । एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज

एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी

एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड हॉस्पिटल

एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ (पैरामेडिकल) साइंसेस

मुख्य वक्ता



**डॉ. अंकिता पटेल**
क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट
डायरेक्टर, एपेक्स हॉस्पिटल
ब्रैस्ट कैंसर जागरूकता



**डॉ. पूजा सिंह**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल
सर्वाइकल कैंसर जागरूकता



**प्रो. अनुषी**
प्रोफ़ेसर
एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज
HPV वैक्सीन जागरूकता



**डॉ. ज्योति**
सहायक प्राध्यापक, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग
एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल
सर्वाइकल कैंसर - आयुर्वेदिक पक्ष

PATRON
Prof. Dr. S.K. Singh
Chairman,
Apex Trust Institute

CO-PATRON
Dr. Swaroop Patel
Director,
Apex Trust Institute

CO-PATRON
Dr. Ankita Patel
Director,
Apex Trust Institute

SPECIAL GUEST

Prof. Dr. Sunil Mistry, Dean, AIAMH | Prof. Dr. P.K. Singh, Principal, AIAMH | Prof. Dr. Gopi S.S., Principal, ATNC | Prof. Dr. P. K. Rai, Academic Head, AIAMH

*All are cordially invited*


GPS Map Camera
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+6qm, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.10066° Long 82.851836°
Thursday, 30/07/2026 11:45 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
591, Baldev Vihar, Telibagh, Lucknow, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.099964° Long 82.851694°
Thursday, 30/07/2026 12:07 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+6qm, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.10066° Long 82.851836°
Thursday, 30/07/2026 11:42 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
591, Baldev Vihar, Telibagh, Lucknow, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.099956° Long 82.851706°
Thursday, 30/07/2026 11:58 AM GMT +05:30
Google


Emerging Frontiers in
Breast Oncology


GPS Map Camera
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+6qm, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.10066° Long 82.851836°
Thursday, 30/07/2026 11:41 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
591, Baldev Vihar, Telibagh, Lucknow, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.100008° Long 82.851715°
Thursday, 30/07/2026 12:19 PM GMT +05:30
Google



# एपेक्स ट्रस्ट में HPV जागरूकता सेमिनार आयोजित, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन पर दिया गया जोर

चुनार (मिर्जापुर), 30 जुलाई। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य से एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक, चुनार में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से संचालित ₹आनंदी माँ - एक जीवन बचाओ अभियान : कैंसर मुक्त



भारत यात्रा 2026-27₹ के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, एचपीवी संक्रमण से बचाव तथा समय पर वैक्सीनेशन के महत्व के प्रति जागरूक करना था। एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह के संरक्षण में आयोजित इस सेमिनार में एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल, आयुर्वेद संस्थान, फामेर्सी, ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज एवं एलाइड हेल्थ पैरामेडिकल संस्थान के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं एपेक्स की निदेशिका डॉ. अंकिता पटेल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर उन कैंसरों में शामिल है जिनकी रोकथाम समय पर एचपीवी वैक्सीनेशन, नियमित स्क्रीनिंग और जन-जागरूकता के माध्यम से प्रभावी ढंग से की जा सकती है। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बेटियों और युवतियों को निर्धारित आयु में एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाने की अपील की। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह ने सर्वाइकल कैंसर के शुरूआती लक्षणों, जोखिम कारकों और समय पर जांच की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज की प्रो. अनुषि ने एचपीवी वैक्सीन से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इसकी सुरक्षा और वैज्ञानिक प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। आयुर्वेद संस्थान की सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति ने महिला स्वास्थ्य, रोग प्रतिरोधक क्षमता और संतुलित जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के प्रबंधक विनोद वर्मा ने प्रतिभागियों से एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए पंजीकरण कराने और कैंसर मुक्त भारत के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने तथा एचपीवी टीकाकरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# एपेक्स ट्रस्ट में हुआ HPV जागरूकता सेमिनार का आयोजन

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर किया जागरूक

जगप्रकाश संवाददाता

चुनार, मिर्जापुर। एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं शिक्षण संस्थानों में गुरुवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ध्आनंदी माँदृएक जीवन बचाओ अभियान रू कैंसर मुक्त भारत यात्रा 2026–27ь के तहत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक करना था। मुख्य वक्ता एवं एपेक्स की निदेशिका डॉ. अंकिता पटेल ने कहा कि समय पर एचपीवी वैक्सीनेशन, नियमित स्क्रीनिंग और जागरूकता के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर से प्रभावी बचाव संभव है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों और युवतियों का उचित



आयु में टीकाकरण कराने की अपील की। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, जोखिम कारकों और समय पर जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज की प्रो. अनुषि ने वैक्सीन से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इसके वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी दी। आयुर्वेद संस्थान की डॉ. ज्योति ने महिला स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में संतुलित जीवनशैली की भूमिका बताई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर

भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप

इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज

GET IT ON Google Play

Download on the App Store